सं0-22011/277/2017-के0हि0प्र0सं0/अ0वि0(टं0/आ0)/पार्ट-II/ 3301


भारत सरकार

GOVERNMENT OF INDIA

गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग

MINISTRY OF HOME AFFAIRS, DEPARTMENT OF OFFICIAL LANGUAGE

केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान

CENTRAL HINDI TRAINING INSTITUTE


सेवा में

उप निदेशक (टंकण/आशुलिपि),
हिंदी शिक्षण योजना (मध्योत्तर),
राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय,
भारत सरकार,
पूर्वी खंड-7, तल-6, आर. के. पुरम,
नई दिल्ली -110066

- 5 OCT 2017

**विषय:- राजभाषा विभाग द्वारा कंप्यूटर पर हिंदी में काम करने के लिए बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम की तिथियों, स्थान एवं मुख्य समन्वयक परिवर्तन संबंधी।**

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर कृपया दिनांक 03-10-2017 की अपनी ई-मेल द्वारा भेजे गए पत्र संख्या-13/19/2017/उ.नि.(टं/आ.) /3842 का अवलोकन करें।

इस संबंध में आपकी सिफ़ारिश के अनुसार दिनांक 25-09-2017 से 29-09-2017 के दौरान हिंदी टंकण एवं आशुलिपि प्रशिक्षण केंद्र, हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, कमरा नं.106, लेवल-1, पूर्वीखंड-2, आर0 के0 पुरम, नई दिल्ली पर निर्धारित कार्यक्रम को दिनांक 27-11-2017 से 01-12-2017 के दौरान पूर्वी खंड-7, लेवल-6, आर. के. पुरम के स्थान पर संघ लोक सेवा आयोग स्थित हिंदी टंकण/आशुलिपि प्रशिक्षण केंद्र पर आयोजित करने की अनुमति प्रदान की जाती है। साथ ही श्री जयबीर, सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि) के स्थान पर श्री महेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि) को मुख्य समन्वयक नियुक्त किया जाता है।

कृपया इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सघन संपर्क कार्य करने के निदेश श्री महेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि) को देने का कष्ट करें।

भवदीय,

**(डॉ. जयप्रकाश कर्दम)**
**निदेशक**

**प्रतिलिपि:-**

1. निदेशक (तकनीकी), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, चौथा तल, बी-विंग, एन0डी0सी0सी0- भवन, जयसिंह मार्ग, नई दिल्ली-110001.
2. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक (श्री केवल कृष्ण) NIC को पत्र की PDF को राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध के साथ।

जारी.........................2/-

3. तकनीकी निदेशक (श्री नागेन्द्र सिंह) NIC को पत्र की PDF को केंद्रीय हिंदी प्रशिक्षण संस्थान की वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित।
4. उप निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना (मध्योत्तर), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, पूर्वी खंड -7, तल-6, आर. के. पुरम, नई दिल्ली-110066.
5. श्री जयबीर, सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि), हिंदी टंकण एवं आशुलिपि प्रशिक्षण केंद्र, हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, कमरा नं.107, बी ब्लॉक हटमेंट्स (साउथ ब्लॉक के पीछे) नई दिल्ली को इस निदेश के साथ कि इस मद में उन्हें जारी की गई राशि रुपए 40,000/-(चालीस हजार मात्र) उप निदेशक (टंकण/आशुलिपि) की उपस्थिति में लिखित रूप में श्री महेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि) को सौंपने का कष्ट करें।
6. श्री महेन्द्र कुमार, सहायक निदेशक (टंकण/आशुलिपि), हिंदी टंकण एवं आशुलिपि प्रशिक्षण केंद्र, हिंदी शिक्षण योजना, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, संघ लोक सेवा आयोग, नई दिल्ली।